हिलेरी क्लिंटन नर्सिंग स्कूल, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर संस्था में अध्ययनरत ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 छात्र–छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कराये जाने हेतु अनुमति पत्र।

प्रधानाचार्य, हिलेरी क्लिंटन नर्सिंग स्कूल, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर के पत्रावली पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र संख्या:एच0सी0एन0एस0/2018/3088, दिनांक:16.11.2018, जो मुख्य विकास अधिकारी, सहारनपुर को संबोधित है तथा उनके द्वारा अधोहस्ताक्षरी को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिनांक: 19.11.2018 को पृष्ठांकित किया गया है, का अवलोकन किया गया, जिसके द्वारा हिलेरी क्लिंटन नर्सिंग स्कूल, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर संस्था में अध्ययनरत ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 छात्र–छात्राओं को एसबीडी जिला चिकित्सालय, सहारनपुर, जिला महिला चिकित्सालय, सहारनपुर एवं सामु0स्वा0 केन्द्र, रामपुर मनिहारान, जनपद सहारनपुर से व्यावहारिक प्रशिक्षण कराये जाने की अनुमति हेतु अनुरोध किया है।

प्रस्तुत पत्रावली का संयुक्त रूप से अवलोकन करने के उपरान्त आपको निम्नलिखित सेवा शर्तों के अधीन एसबीडी जिला चिकित्साल, सहारनपुर जिला महिला चिकित्सालय, सहारनपुर एवं सामु0स्वा0 केन्द्र, रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर पर प्रशिक्षण हेतु अनुमति प्रदान की जाती है–

1. छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण दो बैच बनाकर दिया जाये।
2. प्रत्येक बैच का प्रशिक्षण एक–एक माह की अवधि का होगा।
3. प्रत्येक छात्र नियमित रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।
4. प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्र/छात्राओं को निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य होगा।
5. प्रशिक्षण उपरान्त संबंधित चिकित्सालय से प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा।
6. यदि कोई छात्र/छात्रा अनुपस्थित पाये जाते हैं, तो उनको प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।
7. महानिदेशालय, लखनऊ के आदेशानुसार प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी का निर्धारित शुल्क नियमानुसार प्रत्येक चिकित्सालय/सामु0स्वा0 केन्द्र में अलग–अलग जमा कराना होगा।

मुख्य विकास अधिकारी
सहारनपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सहारनपुर।

कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, सहारनपुर।

पत्रांक: एसटी–2/2018–19/3085-88 — दिनांक:16.01.2019 22-2-2019

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख अधीक्षक, एसबीडी जिला चिकित्सालय, सहारनपुर।
2. मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, सहारनपुर।
3. अधीक्षक, सामु0स्वा0 केन्द्र, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।
4. प्रधानाचार्य, हिलेरी क्लिंटन नर्सिंग स्कूल, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
सहारनपुर।